श्याम तेरी दुनिया दीवानी है | By Sapna Sufi

खाटू वाले श्याम धणी तेरी अजब कहानी है
ओ सांवरे तेरी दुनिया दीवानी है

मोरछड़ी तो तेरी करती कमाल है
जो भी तू करता बाबा होता बेमिसाल है
भक्तों के तू दिल में रहता दिलबर जानी है
ओ सांवरे तेरी दुनिया दीवानी है

हारे के सहारे बाबा तुम रखवाले हो
पल में ही मान जाते बड़े भोले भाले हो
तुमसे बड़ा ना दुनिया में कोई भी दानी है
ओ सांवरे तेरी दुनिया दीवानी है

बड़ी प्यारी लगती तेरी लीले की सवारी है
मुस्कान तेरी बाबा बड़ी प्यारी प्यारी है
मोटे मोटे नैन ये तेरे सुरमे दानी है
ओ सांवरे तेरी दुनिया दीवानी है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%a6%e0%a5%81%e0%a4%a8%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%80%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80/